पेज थ्री देहरादून

पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इण्डिया के देहरादून चैप्टर के प्रतिनिधि।

देहरादून, मंगलवार, 17 मई 2022





# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### भांजी के साथ संबंध होने पर भांजों ने की मामा की हत्या

**संवाददाता** देहरादून। भांजी के साथ संबंध होने के चलते दो भांजों ने मिलकर अपने मामा का कत्ल कर दिया। आरोपियों ने हत्या को आत्महत्या दिखाने की कोशिश की, लेकिन शरीर पर चोटों के निशान होने के चलते मामले का पर्दाफाश हो गया। शहर कोतवाली पुलिस ने हत्यारोपी दो भांजों को गिरफ्तार कर लिया है। इंस्पेक्टर विद्याभूषण नेगी ने बताया कि सहारनपुर का एक युवक बचपन से ही अपनी बहन के साथ खुड़बुड़ा क्षेत्र में रहता था। उसके अपनी सगी भांजी के साथ संबंध बन गए थे। पुलिस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है।

### चारधाम यात्रा के प्रति उदासीन है उत्तराखंड सरकारः माहरा

**संवाददाता** देहरादून। उत्तराखंड प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष करन माहरा ने कहा कि उत्तराखंड में कानून व्यवस्था अति चिंतनीय स्थिति में पहुंच गई है। एक तरफ चारधाम यात्रा में चारों तरफ कुप्रबंधन एवं अव्यवस्थाओं का बोल–बाला है तो दूसरी तरफ़ प्रदेश में एक दिन में तीन–तीन हत्याएं होना राज्य की कानून व्यवस्था की पोल खोल रही हैं। शांतिपुरी से भाजपा के मंडल महामंत्री की खनन मामले को लेकर हत्या होना यह प्रदर्शित करता है कि मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस लगातार खनन माफियाओं की सक्रियता व बढ़ते प्रकोप का जिक्र कर रही थी वह सच साबित हो रहा है।

### जनसम्पर्क किसी भी संगठन के विकास की आधारशिला

**संवाददाता** देहरादून। जनसम्पर्क किसी भी संगठन के विकास की आधारशिला है यह बात भारत सरकार के उपक्रम हडको निदेशक एम नागराज द्वारा पब्लिक रिलेशन सोसाइटी ऑफ इण्डिया, देहरादून चौप्टर के आये प्रतिनिधियों से जनसम्पर्क के महत्व में अपने विचार व्यक्त करते वे कही। उन्होंने कहा इस समय हडको पूरे भारत वर्ष हाउसिंग एवम इंफ्रास्ट्रक्चर क्षेत्र में सहयोग कर रहा है और हडको का जनसम्पर्क विभाग इन कार्यों को आमजनों तक पहुँचाने के लिये कार्य कर रहा है।

### रैंप पर मॉडल्स ने बिखेरे जलवे

**संवाददाता** देहरादून। एसएस इवेंट एंड प्रोडक्शन की ओर से आयोजित मिस्टर एंड मिस डीसी इंडिया 2022 सीजन 7 के दौरान मॉडल्स ने रैंप पर जलवे बिखेंरे। प्रिंस चौक स्थित एक होटल में आयोजित शो की शुरूआत इंट्रोडक्शन राउंड से हुई । उसके बाद इंडियन राउंड और ग्रैंड फिनाले राउंड हुआ। डिजाइनर सूफी साबरी द्वारा डिजाइन किए गए ब्राइडल परिधान में जब मॉडल उतरी तो लोगों ने जोरदार तालियों से उनका स्वागत किया। इस माध्यम से मॉडल को तैयार कॉस्ट्यूम को प्रजेंट करने का मौका मिला।

# हर 100 दिनों में रिपोर्ट कार्ड जनता को देगी सरकारः धामी

**वार्षिकोत्सव**

■ सीएम ने श्री कल्याणिका हिमालय देवस्थानम् के चतुर्थ वार्षिकोत्सव एवं श्री पीठम् स्थापना महोत्सव में किया प्रतिभाग

**संवाददाता**

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने सोमवार को अल्मोड़ा स्थित श्री कल्याणिका हिमालय देवस्थानम् के चतुर्थ वार्षिकोत्सव एवं श्री पीठम् स्थापना महोत्सव में प्रतिभाग किया। सीएम ने कहा सरकार हर 100 दिनों का रिपोर्ट कार्ड जनता के सामने रखेगी। उन्होंने कहा कि चार धाम यात्रा में 21 तीर्थ यात्रियों की मौत अव्यवस्थाओं के कारण नहीं हुई।

कार्यक्रम में सभा को सम्बोधित करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि यह बेहद खूबसूरत स्थान है। उन्होंने कहा कि ऐसे स्थानों पर कोई भी व्यक्ति अपनी मर्जी से नहीं आता है बल्कि उसे ईश्वर स्वयं बुला देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे सिद्ध पीठ स्थानों से पूरे देश और सनातन संस्कृति को ऊर्जा मिलती है।



मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि देश के प्रधानमंत्री मंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में लगातार देश आगे बढ़ रहा है जिसके तहत अयोध्या में श्री राम लला का भव्य मंदिर बनाया जा रहा है। इसके अलावा बनारस में भव्य काशी कॉरिडोर बनकर तैयार हो गया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि साल 2013 की आपदा में केदारनाथ क्षेत्र एवं आदि गुरु शंकराचार्य जी की प्रतिमा पूरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गई थी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की दृढ़ संकल्प की बदौलत श्री शंकराचार्य जी की समाधि, तीर्थ पुरोहितों का आवास, सरस्वती घाट समेत पूरा केदारनाथ धाम का परिसर भव्य एवं दिव्य बन चुका है। उन्होंने कहा कि केदारनाथ के बाद अब श्री बदरीनाथ धाम में 250 करोड़ रुपए की स्वीकृति हो चुकी है जिसके बाद श्री बदरीनाथ धाम में भी बहुत तेजी से पुनर्निर्माण काम चल रहा है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि उत्तराखंड में चार धाम यात्रा 2 साल बाद पुनः विधिवत प्रारंभ हुई है लेकिन श्रद्धालुओं की संख्या पहले के मुकाबले कई गुना ज्यादा पहुंच गई है। यात्रा व्यवस्थाओं को लेकर सरकार पूरी तरीके से मॉनिटरिंग कर रही है। मुख्यमंत्री ने देशभर के श्रद्धालुओं को अपील करते हुए कहा कि जो शारीरिक रूप से अभी स्वस्थ नहीं है वह जब तक डॉक्टर ना कहें तो यात्रा प्रारंभ ना करें। उन्होंने कहा कि यात्रा पर जा रहे नौजवान, महिलाओं और बुजुर्गों, मातृशक्ति को आगे आने दें। सरकार यात्रा को और सुव्यवस्थित करने के लिए लगातार काम कर रही है। उन्होंने कहा कि हमारी कोशिश है कि देशभर के श्रद्धालु यहां आए हैं वह सुरक्षित यहां आए और सुरक्षित जाए उन्हें किसी तरीके से कोई परेशानी ना हो।

इस दौरान अल्मोड़ा लोकसभा से सांसद अजय टम्टा विधायक मनोज तिवारी, विधायक मोहन सिंह मेहरा समेत आयोजन समिति के पदाधिकारी मौजूद रहे।

### कॉमन सिविल कोड को लेकर सभी प्रक्रियाएं पूरी



मुख्यमंत्री ने कहा कि पहले जो भी घोषणा की गई है उन्हें पूरा किया जा रहा है। कॉमन सिविल कोड को लेकर सभी प्रक्रियाएं पूरी कर दी गई हैं। इसके अलावा अंत्योदय कार्ड धारकों को साल भर में 3 सिलेंडर फ्री करने को लेकर भी कैबिनेट निर्णय दे दिया है।

# पीढ़ियों के लिये नींव का पत्थर साबित होगी राम कथा: सीएम

**उद्घाटन**

■ पौधा रोपण और पौधों का पूजन कर पर्यावरण को समर्पित कथा का किया उद्घाटन

**संवाददाता**

ऋषिकेश। परमार्थ निकेतन के पावन गंगा तट पर मानस कथाकार मुरलीधर के श्रीमुख से मासिक मानस कथा का आज दिव्य वृक्ष पीपल दिवस के अवसर पर उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी स्वामी चिदानन्द सरस्वती, मानस कथाकार मुरलीधर ने पौधों का पूजन कर विधिवत उद्घाटन किया।

श्री राम कथा गौ सेवा, पर्यावरण सेवा, वृक्षारोपण और



माँ गंगा को समर्पित है। पीपल दिवस के दिव्य अवसर पर स्वामी चिदानन्द सरस्वती जी ने कहा कि पीपल का पेड़ 24 घंटे ऑक्सीजन छोड़ता है। श्रीमद्भागवत गीता में भगवान श्रीकृष्ण स्वयं कहते हैं कि 'वृक्षों में मैं पीपल हूँ'' स्कन्द पुराण में उल्लेख मिलता है कि पीपल के पेड़ की जड़ में ब्रह्मा जी, तने (मध्य भाग) में भगवान विष्णु और पीपल के अग्र भाग में भगवान शिव वास करते हैं। अथर्ववेद और छान्दोग्योपनिषद् में भी पीपल के वृक्ष की महिमा गायी गयी है। आईये आज हम संकल्प लें कि कम से कम अपने जीवन में पांच पीपल के पौधों का रोपण और पोषण अवश्य करेंगे।

उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा कि परमार्थ निकेतन में श्री राम कथा महायज्ञ के रूप में हो रही है। श्रीराम कथा वर्तमान समय में इसलिये भी बहुत प्रासंगिक है क्योंकि इस समय जब हम पर्यावरण संरक्षण की बात कर रहे हैं, पौधे लगा रहे हैं, जल संरक्षण की बात कर रहे है ऐसे में श्री राम कथा के माध्यम से जन जागरण हेतु अभियान चलाया जा रहा है।

श्री राम कथा के माध्यम से हमारे हिमालय राज्य से सभी को संदेश जायेगा, सभी प्रेरित होंगे पर्यावरण संरक्षण के लिये, पृथ्वी और प्रकृति को बचाने के लिये, पर्वत, नदियों और जल के संरक्षण के लिये। यह राम कथा हमारे भविष्य और आने वाली पीढ़ियों के लिये नींव का पत्थर साबित होगी।

### वर्ष 2022-23 का बजट आम आदमी का बजट होगा

**संवाददाता** देहरादून। वित्त मंत्री प्रेमचंद अग्रवाल ने कहा कि विभिन्न क्षेत्रों से जुडे प्रतिनिधि अपने प्लान व सुझाव बनाकर uttarakhandbudget@gmail.com पर ईमेल के माध्यम से उपलब्ध कराएं। इसके अलावा अन्य नागरिक भी प्रदेश के विकास में अच्छे सुझाव ईमेल के माध्यम से दे सकता है। कहा कि बजट में सभी के विचारों को समावित किया जायेगा, ताकि प्रदेश के विकास के लिए एक अच्छा बजट मिल सके। सोमवार को अग्रवाल ने कहा कि वर्ष 2022–23 का बजट आम आदमी का बजट होगा। यह तभी होगा जब प्रदेश के हर वर्ग, हर क्षेत्र का व्यक्ति, लघु उद्योग से जुड़ा व्यक्ति, गृहणी आदि के सुझाव मिलेंगे। उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता की बजट बनाने में एक अहम भूमिका होगी। अग्रवाल ने कहा कि देश के पीएम मोदी ने कहा कि 21वी दशक उत्तराखण्ड का होगा इसके तहत इस वर्ष सभी क्षेत्रों में उत्तराखण्ड के लिए पर्यटन, शिक्षा, रोजगार आदि के लिए अच्छा वर्ष होगा।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिंटर्स,74/9,आराघर,देहरादून से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादकः प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालयः**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।

(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।